भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †1041
सोमवार, 10 फरवरी, 2025/21 माघ, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

स्वदेश दर्शन योजना के तहत ट्राइबल होमस्टे

†1041. श्री रमासहायम रघुराम रेड्डीः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) स्वदेश दर्शन योजना के तहत जनजातीय गांवों द्वारा उनके घरों को हॉलिडे होम्स और होमस्टे में परिवर्तित करने के लिए 5 लाख रुपये प्रदान करने हेतु उठाए जा रहे विशिष्ट कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) ट्राइबल होमस्टे को सहायता देने संबंधी पहल का उद्देश्य किस प्रकार जनजातीय क्षेत्रों, विशेष रूप से तेलंगाना राज्य में पर्यटन और आजीविका के अवसरों को बढ़ावा देना है, और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा तेलंगाना राज्य में जनजातीय समुदायों को होमस्टे का प्रबंधन करने और पर्यटकों की जरूरतों के लिए आवश्यक कौशल से लैस करने हेतु कोई प्रशिक्षण कार्यक्रम की योजना बनाई गई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (घ): सरकार ने **'**प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान**'** के भाग के रूप में पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत ट्राइबल होमस्टे विकसित करने की पहल को अनुमोदित कर दिया है। उक्त पहल में 5 लाख रु. प्रति इकाई (नए निर्माण हेतु)**,** 3 लाख रु. तक (नवीकरण) और ग्राम समुदाय की आवश्यकता के लिए 5 लाख रु. तक की सहायता से 1000 होमस्टे का विकास शामिल है।

पर्यटन मंत्रालय ने उक्त पहल के लिए दिशा-निर्देशों का मसौदा तैयार किया है और परामर्श के लिए सभी संबंधितों को परिचालित किया है। मसौदा दिशानिर्देशों के अनुसार**,** पहल का उद्देश्य जिम्मेदार पर्यटन को बढ़ावा देने और जनजातीय समुदायों के लिए आजीविका के अवसरों को बढ़ाने के लिए जनजातीय क्षेत्रों में होमस्टे विकसित करना है। मसौदा दिशानिर्देश होमस्टे मालिकों के तकनीकी अप-स्किलिंग और प्रशिक्षण पर भी ध्यान केंद्रित करते हैं।

****